# प्रेस नोट

**दिनांक 15.08.2026**

**पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर सत्यनिष्ठा का संकल्प दिलाया, उत्कृष्ट/ सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करते हुए मिष्ठान वितरण कर दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए।**

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने कैम्प कार्यालय पर ध्वजारोहण किया तथा उपस्थित अधि0/कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी तत्पश्चात पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया तथा उपस्थिति अधि0/कर्मचरियों को सत्यनिष्ठा से कार्य करने एवं राष्ट्र की स्वतंत्रता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने की शपथ दिलायी गई व सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों व कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया।

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स, जनपद हमीरपुर में आयोजित समारोह के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में निरीक्षक गोपनीय **आशीष कुमार**, पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर को भारत सरकार के गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा उनके सेवा अभिलेख के आधार पर **उत्कृष्ट सेवा पदक एवं प्रशस्ति पत्र** प्रदान किया गया, जिसे पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त निम्न पुलिस अधिकारियों को **सराहनीय सेवा पदक/सम्मान चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र** प्रदान कर सम्मानित किया गया—

**उ0नि0 नागरिक पुलिस अवधेश कुमार उपाध्याय को माननीय राष्ट्रपति महोदय द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा पदक, सम्मान चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा उ0नि0 नागरिक पुलिस लाल सुबीर गोपाल सिंह को पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया।**

वहीं, **यू0पी0-112 मुख्यालय** द्वारा क्विक रिस्पांस एवं विशेष योगदान के लिए निम्न कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया—

1. **मु0 आरक्षी शिव प्रसाद**, 112 हमीरपुर।
2. **आरक्षी चालक अरबिन्द कुमार**, 112 हमीरपुर।
3. **आरक्षी ना0पु0 अभिनव कुमार सिंह**, 112 हमीरपुर।
4. **आरक्षी ना0पु0 विशाल सिंह**, 112 हमीरपुर।
5. **आरक्षी ना0पु0 शिवम सिंह**, 112 हमीरपुर।
6. **होमगार्ड चालक कुलदीप पाण्डेय**, 112 हमीरपुर।
7. **होमगार्ड चालक शिवकुमार**, 112 हमीरपुर।
8. **होमगार्ड चालक प्रेम सिंह**, 112 हमीरपुर।

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा सभी सम्मानित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए बधाई दी गई तथा उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर **स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं** दी गईं।

**जनपद हमीरपुर पुलिस उत्कृष्ट सेवा, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है।**












